>

Title: Need to open Central Government & Railway Hospitals in Jalore and Sirohi districts of Rajasthan and provide adequate funds for the upgradation of the medical facilities in the region.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र जालोर सिरोही (राजस्थान) के अंतर्गत स्थानीय, तहसील एवं जिला स्तर पर अस्पतालों की स्थिति अत्यंत खराब है। अत्याधुनिक सुविधाओं, उपकरणों, ब्लड बैंक इत्यादि का ठीक प्रबंध नहीं है। क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य खराब होने पर 200 से 300 कि0मी0 यात्रा तय कर जोधपुर, अहमदाबाद, मुम्बई इत्यादि स्थानों पर इलाज हेतु जाना पड़ता है। गरीब जनता के पास पैसे का अभाव होता है, जिसके कारण इतने रूपये खर्च कर तथा अधिक दूरी होने के कारण वे इलाज नहीं करा पाते हैं। फलस्वरूप अनहोनी घटनाएं घटित होती रहती हैं।

अतः सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि जालोर एवं सिरोही जिलों में स्थानीय, तहसील एवं जिला स्तर के अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु धन मुहैया कराने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय या रेलवे अस्पताल को इस क्षेत्र में खोला जाये ताकि वहां की जनता इससे लाभान्वित हो सके।